'द वॉयस आफ सक्षम' में राधिका आहूजा 'प्रथम', रंजन 'द्वितीय'

जालंधर, 28 जून (विनीत): सक्षम संस्था की ओर से केनरा बैंक के सहयोग से सुश्री हैलेन कलेर के जन्मदिवस पर 'द वॉयस ऑफ सक्षम' ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश के बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

कार्यक्रम में मौजूद डा. दीपिका सागर व डा. प्रेम सागर व (नीचे) विजेता छात्र-छात्राएं।

कार्यक्रम में लवली प्रौफैशनल यूनिवर्सिटी की प्रो-वाईस चांसलर डा. मीनू चोपड़ा मुख्यातिथि, जबकि हिंद समाचार ग्रुप की श्रीमती सीमा आनंद चोपड़ा बतौर विशेष आतिथि शामिल हुई। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति की भरपूर सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी सफलता के नए आयाम स्थापित करने का आशीर्वाद दिया। संस्था की डा. दीपिका सागर ने सभी आतिथियों का स्वागत किया।

प्रतियोगिता में पंजाब से राधिका आहूजा ने पहला, रंजन ने दूसरा तथा वीर सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि हरियाणा कैटेगरी में दीपक, साईमा, शादमा व हिमाचल प्रदेश से रवि, कुलदीप व सृष्टि ने बाजी मारी। आतिथियों ने विजेताओं को लैपटॉप, टैब व डेजी प्लेयर भेंट करके पुरस्कृत किया।

विशेष विद्यालय ढली के रवि ने जीती गायन प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कुलदीप कौंडल, सृष्टि चौहान व रवि कुमार ● सौ. संस्था

- **लैपटाप मिला कुलदीप को दूसरा व सृष्टि को तीसरा स्थान**
- **हेलन केलर की जन्मतिथि पर करवाई प्रतियोगिता**

जागरण संवाददाता, शिमला : हेलन केलर की जन्मतिथि पर दृष्टिबाधितों के लिए आयोजित 'वायस आफ सक्षम' गायन प्रतियोगिता में जिला शिमला के विशेष विद्यालय ढली के छात्र रवि कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। उन्हें पुरस्कार के तौर पर लैपटाप दिया गया। दूसरे स्थान पर रहे मंडी के कुलदीप कौंडल को टैब और बालिकाओं के विशेष विद्यालय सुंदरनगर की सृष्टि चौहान को तृतीय पुरस्कार में डेजी प्लेयर दिया गया।

सक्षम हिमाचल संस्था ने ऐसे बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए गायन प्रतियोगिता का आयोजन आनलाइन किया। इसमें हिमाचल के अलावा पंजाब और हरियाणा के प्रतिभागियों ने भी भाग लिया। पुरस्कारों के रूप में दिए उपकरण केनरा बैंक की ओर से प्रायोजित किए थे।

सक्षम हिमाचल ने प्रदेश में पहली बार दृष्टिबाधितों के लिए ऐसी प्रतियोगिता आयोजित की। इस प्रतियोगिता के जज लाल सिंह ठाकुर ने कहा हिमाचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन अवसरों की कमी रहती है।

हेलन केलर एक अमेरिकी लेखक थीं। वह कला में स्नातक की उपाधि अर्जित करने वाली पहली बधिर व दृष्टिहीन थीं। उन्हें दृष्टिबाधितों व महिलाओं के अधिकारों को उठाने के लिए जाना जाता है।

दैनिक भास्कर
जालंधर भास्कर 29-06-2022

संस्था सक्षम ने दृष्टिबाधित बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए करवाई ऑनलाइन प्रतियोगिता

जालंधर। दृष्टिबाधित बच्चों का हौसला बढ़ाने और प्रेरणा स्त्रोत हेलेन केलेर का जन्मदिन मनाने हेतु बैंक के पूर्ण सहयोग से संस्था सक्षम की ओर से ऑनलाइन दी वॉयस ऑफ सक्षम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पंजाब, हरियाणा और हिमाचल के बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य मेहमान के रूप में एलपीयू से प्रो. वाइस चांसलर डॉक्टर मीनू चोपड़ा व अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। प्रतियोगिता में पंजाब से प्रथम स्थान राधिका आहूजा, द्वितीय स्थान रंजन और तृतीया स्थान वीर सिंह ने प्राप्त किया। इसके अलावा हरियाणा से दीपक, साइमा, शादमा और हिमाचल से रवि, कुलदीप और सृष्टि विजयी रहे। विजेताओं को गिफ्ट्स देकर सम्मानित किया गया।